ओम् शान्ति 06-02-24 मधुबन

विशेष खुशखबरी - शान्तिवन में परिवर्तन एवं प्रत्यक्षता हेतु शक्तिशाली योग तपस्या भट्ठी के कार्यक्रम

(19 जून से 01 सितम्बर, 2024 तक)

प्राणप्यारे अव्यक्त मूर्त मात-पिता, बापदादा के अति लाडले, सदा सर्व प्रकार के निश्चय द्वारा सफलता वा विजय का अनुभव करने वाले, सदा 'मेरा बाबा' इस अधिकार से हर सेवा में सफलता प्राप्त करने वाले, स्व-परिवर्तक सो विश्व परिवर्तक, निमित्त टीचर्स बहिनें तथा सर्व ब्राह्मण कुल भूषण भाई बहिनें,

ईश्वरीय स्नेह सम्पन्न मधुर याद स्वीकार करना जी।

बाद समाचार - प्यारे बापदादा की अव्यक्त पालना द्वारा स्वयं को सदा वरदानों से, सर्व ज्ञान खजानों से सम्पन्न बनाते हुए सभी ऊंचे से ऊंची स्थिति का अनुभव कर रहे होंगे। जैसे जनवरी मास में सभी ब्रह्मा वत्स डीप साइलेन्स का अनुभव करते हुए अव्यक्त फरिश्ता स्थिति में रह कर्मयोगी बनें। अभी फिर फरवरी मास में विशेष सेवा और तपस्या का बैलेन्स रख वाणी की सरलता और मधुरता द्वारा संगठन को एक सूत्र में पिरोते हुए मार्च महीने में महाशिवरात्रि के पावन पर्व को खूब धूमधाम से मनायेंगे तथा अनेक आत्माओं को शिव अवतरण का सन्देश देंगे। इसी मार्च मास में विशेष अव्यक्त मिलन के दो टर्न में बाबा के अनेकानेक बच्चे मधुबन घर में आयेंगे। साथ-साथ दोनों दादियों (गुल्जार दादी और जानकी दादी जी) के पुण्य स्मृति दिवस है। उसके पश्चात वार्षिक मीटिंग रहेगी फिर राजयोग शिविर तथा अलग-अलग विंग्स आदि के कार्यक्रम रहेंगे।

आज यह विशेष खुशखबरी भरा याद-पत्र भेज रही हूँ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरसात की रिमझिम के बीच 19 जून से 01 सितम्बर 2024 तक, 10 ग्रुप में सभी टीचर्स, समर्पित वा आमन्त्रित भाईयों, कुमारों, अधरकुमारों, कुमारियों, माताओं तथा युगलों के लिए "परिवर्तन एवं प्रत्यक्षता हेतु शक्तिशाली योग तपस्या" के कार्यक्रम रखे गये हैं। इस कार्यक्रम में अपने टर्न अनुसार पधारने के लिए बाबा के सभी बच्चों को विशेष हार्दिक निमन्त्रण है।

बापदादा बार-बार हम बच्चों को अचानक का पाठ पढ़ाते सदा कहते बच्चे, अन्तिम पेपर में पास होने के लिए सदा एवररेडी रहो, अशरीरी बनने का अभ्यास करो साथ-साथ शक्तिशाली मन्सा द्वारा प्रकृति सहित सर्व आत्माओं को शान्ति और शक्ति की सकाश देने की सेवा करो।

तो आओ, हम सभी संगठित रूप में मुख्य धारणाओं पर गहरी रूहरिहान के साथ पावरफुल योग तपस्या करके विशेष मन्सा सेवा का अभ्यास बढ़ायें। इसके लिए आज आपके पास शान्तिवन में होने वाली भट्ठियों का यह कार्यक्रम भेज रहे हैं। कृपया पत्र पाते ही ग्रुप अनुसार आने जाने वालों की रिजर्वेशन करवाके, पूरी सूचना शान्तिवन के आवास-निवास विभाग में अवश्य देना जी, ताकि सभी के ठहरने आदि की योग्य व्यवस्था की जा सके।

अच्छा - सभी को बहुत-बहुत याद....

ईश्वरीय सेवा में,

B. K. Ratan Mohini

(बी.के.रतनमोहिनी)

शान्तिवन में योग भट्ठी के कार्यक्रम - 2024

19 से 23 जून, 2024 **पहला ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**1 से 15 वर्ष ज्ञान में चलने वाली माताओं की भट्ठी** (19 जून बुधवार आना 20, 21, 22 योग तपस्या, 23 जून रविवार जाना)
26 से 30 जून, 2024 **दूसरा ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**1 से 15 ज्ञान में चलने वाले युगलों की भट्ठी** (26 जून बुधवार आना 27, 28, 29 योग तपस्या, 30 जून रविवार जाना)
03 से 07 जुलाई, 2024 **तीसरा ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**11 से 20 वर्ष की टीचर्स बहनों की भट्ठी** (03 जुलाई बुधवार आना 04, 05, 06 योग तपस्या, 07 जुलाई रविवार जाना)
10 से 14 जुलाई, 2024 **चौथा ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**26 से 30 वर्ष की टीचर्स बहनों की भट्ठी** (10 जुलाई बुधवार आना 11, 12, 13 योग तपस्या, 14 जुलाई रविवार जाना)
17 से 21 जुलाई, 2024 **पांचवां ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**31 वर्ष से ऊपर की टीचर्स बहनों की भट्ठी** (17 जुलाई बुधवार आना 18, 19, 20 योग तपस्या, 21 जुलाई रविवार जाना)
24 से 28 जुलाई, 2024 **छठा ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**2 से 10 वर्ष की टीचर्स बहनों की भट्ठी** **तथा आमन्त्रित भाईयों की भट्ठी** (24 जुलाई बुधवार आना 25, 26, 27 योग तपस्या, 28 जुलाई रविवार जाना)
31 जुलाई से 04 अगस्त, 2024 **सातवां ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**21 से 25 वर्ष की टीचर्स बहनों की भट्ठी** **तथा कुमारियों की भट्ठी (घर पर रहने वाली)** (31 जुलाई बुधवार आना 01, 02, 03 अगस्त योग तपस्या, 04 अगस्त शनिवार जाना)
07 से 11 अगस्त, 2024 **आठवां ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**16 वर्ष से ऊपर ज्ञान में चलने वाली माताओं की भट्ठी** **तथा समर्पित भाईयों की भट्ठी (सेन्टर पर रहने वाले)** (07 अगस्त बुधवार आना 08, 09, 10 योग तपस्या, 11 अगस्त रविवार जाना)
21 से 25 अगस्त, 2024 **नौवां ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**कुमार भाईयों की भट्ठी** **तथा अधरकुमार भाईयों की भट्ठी** (21 अगस्त बुधवार आना 22, 23, 24 योग तपस्या, 25 अगस्त रविवार जाना)
28 अगस्त से 01 सितम्बर, 2024 **दसवां ग्रुप** (बुधवार से रविवार)	–	**16 वर्ष से ऊपर ज्ञान में चलने वाले युगलों की भट्ठी** (28 अगस्त बुधवार आना 29, 30, 31 योग तपस्या, 01 सितम्बर रविवार जाना)

25 अगस्त, 2024 – दादी जी का स्मृति दिवस

कृपया हर एक अपने-अपने ग्रुप में निश्चित दिनांक पर दोपहर तक शान्तिवन में पहुंच जायें। शाम को योग तपस्या के कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा। जाने की तिथि जो लिखी गई है उसी तिथि पर ही वापस जाने का प्रोग्राम बनायें ताकि हर कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से चल सके।

विशेष नोट: *आमन्त्रित भाईयों के योग तपस्या के कार्यक्रम का निमन्त्रण पत्र अलग से नाम सहित भेजा जायेगा।*